वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

दिनांक : 15.08.2022

76 वां स्वतंत्रता दिवस

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में 76 वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) के द्वारा पूर्वाह्न 9.00 बजे संस्थान के प्रांगण मे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी केन्द्रों पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना, पश्चिम बंगाल (Environmental Research Station, Sukna, West Bengal), वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ, हाजीपुर, बिहार (Forest Research & Extension Centre, Jadua, Hajipur), Bihar, वन अनुसंधान केंद्र, मांडर (Forest Research Center, Mandar), लाह बीज फार्म, चंदवा (N. B. Farm, Chandwa) में भी स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा झंडे को सलामी दी गई।

वन उत्पादकता संस्थान, राँची के प्रांगण में दिनांक 15 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में बड़े हर्षोल्लास के साथ भारतीय स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मनाई गई। संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं अन्य सभी सदस्य इस विशिष्ट अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के नीचे एकत्र हुए। संस्थान के समूह समन्वयक अनुसंधान, डॉ. योगेश्वर मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रगान तथा 'भारत माता की जय' के जयघोष से सम्पूर्ण संस्थान परिसर देशभक्ति के रंग से सराबोर हो गया। डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने अपने संबोधन में विशेष रूप से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर संस्थान के सभी सदस्यों, उनके परिवारजनों को तथा इस आयोजन में उपस्थित सभी अन्य ग्रामीण एवं बच्चों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने भारतवर्ष के प्राचीन गौरव के साथ-साथ इसके क्रमिक विकास एवं विभिन्न क्षेत्रों में हुए आधुनिक अनुसंधान एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आजादी प्राप्त करने के लिए हमारे पूर्वजों एवं अनेकानेक महापुरुषों के बलिदानों को याद करते हुए उन्होंने सभी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा आधुनिक भारत को दशा एवं दिशा देने वाले शिल्पियों को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आज़ादी के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष में सम्पूर्ण देश में वर्ष भर "आज़ादी का अमृत महोत्सव" मनाए जाने की जो घोषणा की थी उसके तत्वावधान में संस्थान द्वारा लोगों के मध्य जाकर विभिन्न प्रशिक्षण/ संगोष्ठी का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

76 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रति वर्ष की भांति इस शुभ अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के कई सदस्यों के द्वारा देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियां दी गई। इस आयोजन में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शरद तिवारी, श्री संजीव कुमार, सुश्री रत्ना वी. आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उप वन संरक्षक श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने इस आयोजन में उपस्थित सभी सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा आजादी के नायकों से प्रेरणा लेकर देश एवं समाज की सेवा में प्रस्तुत रहने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन श्री करम सिंह मुण्डा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री मनीष कुमार, श्री बसंत कुमार, श्री सूरज कुमार, श्री सुशीत बनर्जी आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

वन उत्पादकता संस्थान, रांची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

वानिकी अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र, जदुआ में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

वन अनुसंधान केंद्र, मांडर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां

पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की झलकियां